सेंट्रल बैंक 251 करोड़ रुपए मूल्य के एनपीए की बिक्री करेगा

चर्चा में क्यों?

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में स्विस चैलेंज मेथड के माध्यम से 251 करोड़ रुपए की दो गैर-निष्पादित संपत्तियों (NPA's) को बिक्री के लिये प्रस्तुत किया है।

प्रमुख बिंदु

- बिक्री हेतु श्रीनगर बनिहाल एक्सप्रेसवे (200 करोड़ रुपए) तथा माँ महामाया इंडस्ट्रीज़ (51 करोड़ रुपए) को 100 प्रतिशत नकद आधार पर बिक्री के लिये पेश किये गए हैं।
- श्रीनगर बनिहाल एक्सप्रेसवे के लिये आरक्षित मूल्य 146 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है, जिसमें 27 प्रतिशत हेयरकट (haircut) (इष्टतम से कम) है, जबकि 34 करोड़ रुपए आरक्षित मूल्य माँ महामाया के लिये निर्धारित किया गया जिसमें सेंट्रल बैंक द्वारा 34 प्रतिशत हेयरकट रखा गया है।
- उपर्युक्त खातों की नीलामी 'स्विस चैलेंज मेथड' (Swiss Challange Method) के माध्यम से वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Securities Interest Act, 2002 - SARFAESI) के तहत किया जाएगा।
- रेटिंग एजेंसी इक्रा (Icra) ने 2018 में श्रीनगर बनिहाल एक्सप्रेसवे के लिये ऋण उपकरणों (Debt Instruments) को घटाकर 1,440 करोड़ रुपए तथा माँ महामाया इंडस्ट्रीज के लिये 455 करोड़ रुपए कर दिया था।
- मार्च में बैंक ने 3,322 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति को ब्लाक स्ट्रेस्ड एसेट (Block Stressed Assets) के रूप में घोषित किया जिसमें एस्सार स्टील इंडिया, भूषण पावर एंड स्टील तथा आलोक इंडस्ट्रीज़ शामिल थे।

स्विस चैलेंज मेथड

- स्विस चैलेंज मेथड बोली लगाने की एक विधि है जिसका उपयोग अक्सर सार्वजनिक परियोजनाओं में किया जाता है जिसमें एक इच्छुक पार्टी एक अनुबंध के लिये प्रस्ताव या एक परियोजना के लिये बोली शुरू करती है।
- इस मेथड के ज़रिये परियोजना का विवरण जनता के सामने रखा जाता है और इसे क्रियान्वित करने के इच्छुक अन्य लोगों से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।
- इन बोलियों की प्राप्ति पर मूल प्रस्तावक को सर्वश्रेष्ठ बोली का मिलान करने का अवसर दिया जाता है।
- यदि मूल प्रस्तावक बोली का मिलान करने में विफल रहता है तो परियोजना का सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाले को दे दिया जाता है।

स्रोत : द इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/central-bank-to-sell-npa-worth-rs-251-crore